Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 05-08-2005

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

p>

Title : Need to implement the recommendations of Talwar Committee regarding 'Postal Employees working in Rural areas'. in the country

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति महोदया, ऐसा प्रतीत होता है कि केन्द्र सरकार डाकघरों के अस्तित्व को मिटाने पर तुली हुई है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में 40-50 साल से जो डाकघर बने हुये थे, या तो उन्हें डी-ग्रेड किया जा रहा है या उन्हें बंद करके दूसरे में समाहित किया जा रहा है। डाक विभाग में 3 लाख से ज्यादा एक्सट्रा डिपार्टमेंटल एम्पलाईज रात दिन कट उठाकर भारत सरकार के संदेश को डाक के माध्यम से सब लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों के लिये तलवार समिति का गठन किया गया था और उसने वायदा किया था कि उस समिति की सिफारिशों को क्रियान्वित किया जायेगा लेकिन वह आज तक कæयान्वित नहीं की गई हैं। डाक विभाग के लाखों कर्मचारी आन्दोलित हैं, उद्वेलित हैं। उनकी यूनियन ने नोटिस भी दिया था, लेकिन 21 दिन के धरने के बाद भी उनकी न्यायोचित मांगों को स्वीकार नहीं किया गया। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह पांचवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करे और तलवार समिति ने जो अभिशंसायें की हैं, उन्हें इ.डी. एम्पलायइज के लिये लागू की जाये। डाक सेवाओं में भर्ती के संबंध में जो बैन 1984 से लगा हुआ है, उसे हटाया जाये। आज डाक क्षेत्र का ज्यादा विस्तार हो गया है। ऐसी स्थिति में डाक विभाग में खाली जगहों को भरा जाये ताकि डाक सेवां का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिल सके।

MADAM CHAIRMAN : Now, the House stands adjourned to meet on Monday, the 8th August, 2005 at 11 a.m.

18.28 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Monday, August 8, 2005/Sravana 17, 1927 (Saka).